

# आज निकलेगी भगवान श्रीराम की बारात

**खास बातें**
- जगह-जगह होगा भव्य स्वागत
- ऐतिहासिक श्रीराम बारात को लेकर हुई बैठक



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 जनवरी, नगर में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक 125वी श्रीरामलीला एवं श्रीराम बारात के भव्य आयोजन को लेकर आज रघुवंशी धर्मशाला, बस स्टैंड में रघुवंशी समाज द्वारा जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में सर्व समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की.**

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रीराम बारात का स्वागत नगर में भव्य, सुव्यवस्थित एवं सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप किया जाएगा. स्वागत कार्यक्रम में सर्व समाज की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता एवं धार्मिक समरसता का संदेश दिया जाएगा एवं बारात मार्ग प्रारम्भ में युवा ब्राह्मण विकास परिषद के पदाधिकारीगण एवं प्रांतीय पुजारी समिति के पदाधिकारीगणों द्वारा तिलक कर बारात प्रारंभ की जावेगी उसी क्रम में अन्य सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने भी बारात मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर स्वागत करने हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है. बैठक को संबोधित करते हुए रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि श्रीरामलीला एवं श्रीराम बारात केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता एवं नैतिक मूल्यों का प्रतीक हैं.उन्होंने सभी समाजजनों से आयोजन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आह्वान किया. बैठक में स्वागत व्यवस्था, शोभायात्रा मार्ग, अनुशासन, स्वच्छता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक रूपरेखा तैयार की गई.उपस्थित सभी समाजजनों ने आयोजन को ऐतिहासिक व भव्य बनाने का संकल्प लिया.

बैठक में मुख्य रूप से सभी समाजों के लगभग 50 जिलाध्यक्षों सहित रामलीला मेला समिति सचिव डॉ.अनिल शर्मा जी , प्रांतीय पुजारी महासभा एवं रामलीला समिति सदस्य संजय पुरोहित जी ,समिति सदस्य पंडित नारायण प्रसाद शर्मा जी , रघुवंशी समाज अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी जी ,राजाराम रघुवंशी पालकी ,मोहर सिंह मानोरा ,पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष अतुल तिवारी , दीपक तिवारी ,युवा ब्राह्मण विकास परिषद से मानवेंद्र शर्मा ,गौरव संतोष शर्मा ,बाल विहार कल्याण समिति व प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन तिवारी ,राजपूत समाज से लोचन सिंह राजपूत ,पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत ,दांगी युवा संघ अध्यक्ष दीपक दांगी , नारायण सिंह कुशवाह , ओम प्रकाश कुशवाह ,कुशवाह समाज से ओमप्रकाश कुशवाह जी ,मंडी समिति से वीर सिंह रघुवंशी ,यादव समाज से आकाश यादव ,कार्यकारी अध्यक्ष रघुवंशी समाज महेंद्र रघुवंशी, युवा शक्ति संगठन से कुलदीप रघुवंशी ,अरविंद रघुवंशी ,अहिरवार समाज से नवनीतराम दिवाकर , एवं अन्य सामाजिक संगठनों से जितेंद्र सिंह सेंगर ,सुनील रघुवंशी ,प्रदीप शर्मा , जितेंद्र रघुवंशी , प्रदीप सिंह राजपूत ,ओमप्रकाश कुशवाह ,प्रदीप शर्मा ,एवं अन्य जनमानस एवं पदाधिकारीगण भारी संख्या में उपस्थित रहे बैठक में अंत में आभार रामलीला सेवा समिति सचिव डॉ.अनिल शर्मा ने माना अपने वक्तकव में कार्यक्रम की रूपरेखा व्यक्त की अनिल शर्मा में कहा बारात प्रस्थान दोपहर 2 बजे माधवगंज से मुख्यमार्ग होते हुए रामलीला सेवा समिति स्थल पहुचेंगी.

## शंकराचार्य जी का अपमान नहीं किया जाएगा बर्दाश्त



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 जनवरी, ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के साथ माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन जब शंकराचार्य जी अपने परिकर के साथ स्नान करने जा रहे थे तब उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उनको रोका गया तथा दंडी स्वामी और ब्राह्मण बटुकों की चोटियां खींचकर मारपीट की गई साथ ही उनको संगम स्नान करने से भी वंचित किया गया उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रशासन द्वारा किया गया यह कृत्य समस्त सनातन धर्मावलंबियों की भावनाओं को आहत करने वाला है.**

शंकराचार्य जी लगातार गौ रक्षा एवं गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे हैं ऐसे में एक संत की सरकार में शंकराचार्य जी के पारिकर के साथ मारपीट , अभर्द्ता घोर निंदनीय है साथ ही सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़ा होता है इस निंदनीय तथा अमानवीय कृत्य को करने वाले समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर कठोर अनुशासनात्मक, दंडात्मक कार्यवाही की मांग ज्ञापन में की गई. ज्ञापन सौंपते वक्त मुख्य रूप से जितेंद्र शास्त्री पंडित संजय पुरोहित, पंडित नारायण शर्मा, रघुवंशी समाज के अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी , जितेंद्र सिंगार , अतुल तिवारी, सचिन भार्गव, बागीश मिश्रा, रविन्द्र पांडेय, जय प्रकाश शर्मा, बिट्टू महाराज, तरूण शमा, उदय शर्मा, अनिल तिवारी एवं सभी समाजों के अध्यक्ष तथा समस्त सनातन धर्म लंबी उपस्थित रहे.

## जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 48 हजार रुपये

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी साधना पटेल के नेतृत्व में जिले के वृत्त कुरवाई के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर ग्राम पैराखेड़ी ,रूसिया टापरा, बरेठा, दानखेड़ी, दलपतपुर मैं यादव ढाबा क्षेत्र में लगभग 5 स्थानों पर दबिश सह तलाशी की कार्रवाही की गई, जिसमें 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा 45 पाव देशी मदिरा 20 पाव विदेशी मदिरा तथा 350 किलोग्राम लाहान बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत चार प्रकरण कायम कर वैधानिक कार्रवाही की गई है. जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 48 हजार रुपये के लगभग आंकलित किया गया है. इस कार्रवाही में आबकारी उप निरीक्षक महेश विश्वकर्मा , पुष्पेंद्र ठाकुर, रवि शंकर धाकड़ के साथ आबकारी आदि योगदान रहा.

## सर्राफा व्यापारी सतर्क, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**बड़े बाजार में पुलिस चौकी खुलने की मांग तेज**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कुछ दिन पहले आधी रात को खरीफाटक रोड पर एक दुकान पर हुई डकैती की घटना के बाद सर्राफा व्यापारी सतर्क नजर आ रहे हैं. व्यापारियों का कहना है कि चोरी या डकैती की वारदात से पहले अक्सर दुकानों की रेकी की जाती है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है. इसी के मद्देनज़र सर्राफा दुकानदारों ने एहतियाती कदम उठाते हुए घूंघट, बुर्का या मास्क पहनकर आने वाले ग्राहकों के दुकान के भीतर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है. व्यापारियों का मानना है कि चेहरे की पहचान स्पष्ट न होने से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना कठिन हो जाता है. सर्राफा एसोसिएशन विदिशा ने स्पष्ट किया है कि यह कदम पूरी तरह सुरक्षा की दृष्टि से उठाया गया है, ताकि व्यापारी और ग्राहक दोनों सुरक्षित रह सकें.साथ ही व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से भी बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है. बड़ा सर्राफा के महामंत्री राजेश सोनी खुबाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से हमने व्यापारियों से बात करते हुए पैंफलेट छपने डाल दिए हैं जिन्हें सभी आभूषण विक्रेता व्यापारी अपनी दुकानों पर लगाएंगे तथा सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए डीआईजी से बात हुई है जल्दी ही बड़े बाजार में पुलिस चौकी भी शुरू होगा.

> **प्रवेश वर्जित है**
> मास्क, हेलमेट, रूमाल ,घुघंट,नकाब,बुर्का, पहने दुकान मे आना शक्त मना है।
> सावधानी हटी दुर्घटना घटी
> सर्राफा एसोसिएशन विदिशा

## सिद्धेश्वरी मंदिर से दिन में ही लड्डू गोपाल की पीतल की प्रतिमा चुरा ले गया चोर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सिद्धेश्वरी मंदिर से सोमवार को दिनदहाड़े मंदिर खुला होने पर श्रद्धालुओं और पुजारी को चकमा देकर कोई चोर पीतल की करीब चार किग्रा वजनी मूर्ति चुराकर ले गए. रात को जब पुजारी मंटू महाराज आरती करने राम दरबार पहुंचे तो वहां पास में रखी लड्डू गोपाल की मूर्ति नहीं मिलने पर घटना की जानकारी लगी. सिद्धेश्वरी मंदिर के पुजारी मंटू महाराज ने बताया कि सोमवार को प्रतिदिन की तरह ही शाम को करीब चार बजे मंदिर खोला और वे देवीजी के पास जहां बैठते हैं वहीं बैठे थे और प्रतिदिन की तरह श्रद्धालुओं का आना-जाना चल रहा था। रात करीब आठ बजे जब देवीजी की आरती के साथ ही वे मंदिर परिसर में पीछे की तरफ बने श्रीराम दरबार में आरती करने पहुंचे, तो वहां दरबार के सामने ही रखी लड्डू गोपाल भगवान की मूर्ति नहीं दिखी. जिसे उन्होंने आरती उपरांत सभी जगह तलाश किया, लेकिन कहीं नहीं मिली. उन्होंने बताया कि वे चार बजे से मंदिर में लगातार बैठे हुए थे और श्रद्धालुओं का आना-जाना भी लगा हुआ था. लेकिन कोई इसी बीच लड्डू गोपाल की करीब चार किग्रा वजनी पीतल की प्रतिमा लेकर चला गया. उन्होंने बताया कि जो भी प्रतिमा लेकर गया है वह मेन गेट से नहीं गया वह दूसरे गेट से ही झोले या शॉल आदि में प्रतिमा को छिपाकर ले गया होगा, क्योंकि मेन गेट के सामने तो वह बैठे ही थे.

## शातिर चोर पकड़ाया 1 .5 लाख के गहने-कपड़े बरामद

**कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा, अस्पताल के सामने से हुई थी चोरी**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** बाजार से चोरी हुए बैग के प्रकरण का खुलासा किया है.19 जनवरी को फरियादिया सावित्री अहिरवार, पति अनिल अहिरवार, निवासी पिपलिया सलामतपुर द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह इलाज के लिए विदिशा आई थीं. अस्पताल के सामने सड़क किनारे खड़ी उनकी गाड़ी पर रखा बैग, जिसमें सोने-चांदी के गहने एवं कपड़े थे, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया. जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की.थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के 25 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विशाल विश्वकर्मा, पिता स्व. बाबूलाल विश्वकर्मा, उम्र 39 वर्ष, निवासी पीलिया नाला, भगत सिंह कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया. जिसके पास से एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की नथ, सोने के टॉप्स, एक चांदी की करधोनी,चांदी की बिछुड़िया कुल 1 लाख 50 हजार का मशरूका बरामद किया गया.

## संगठन हित में संगठित होकर करें कार्य-नितिन सक्सेना



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** संघ कार्यालय में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की प्रखंड बैठक संपन्न हुई. बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीराम जी के चित्र का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. विश्व हिंदू परिषद विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना ने कार्यकर्ताओं को संगठित रहकर कार्य करने की बात कही. उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है. हमें एक दूसरे के साथ रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करना चाहिए. जिला अध्यक्ष मुकेश सेन ने कार्यकर्ताओं को धर्म रक्षा निधि के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पहले स्वयं की धर्म रक्षा निधि करें, इसके बाद समाज के पास जावे. बजरंग दल जिला संयोजक जगदीश शाक्य ने कार्यकर्ताओं को लव जिहाद एवं गौ रक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी. बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई. बैठक का संचालन प्रखंड मंत्री अशोक साहू ने किया. इस मौके पर जिला धर्म प्रसार प्रमुख अर्जुन शाक्य, जिला अर्चक पुरोहित विनोद शर्मा, जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर, जिला सह सेवा प्रमुख अनिल राठौर, प्रखंड अध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, प्रखंड उपाध्यक्ष रमेश जैन, भानु सेन, गौरव जड़िया, प्रदीप राठौर, अनिल कुशवाह, ज्ञान सिंह कुशवाह, शिवम शर्मा, संजय यादव, दिनेश सेन, नरेंद्र नामदेव, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे.

## विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन में विधायक हरिसिंह सप्रे, महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा संयोजक विनोद जैन महाविद्यालय जन भागीदारी सदस्य वरुण चौबे की गरिमामयी उपस्थिति रही.लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में शुरू किए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अंतिम दौर में है और उसी क्रम में विधायक हरिसिंह सप्रे द्वारा महाविद्यालय पहुंचकर पात्र विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया एवं फॉर्म 6 की ऑफलाइन प्रति उपलब्ध कराई गई.

## जनसुनवाई में पहुंचते ही सुलझा मामला निचले अमले पर गंभीर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** रबी फसल के लिए चार महीने पहले 22 अक्टूबर को नटेरन की प्राथमिक सेवा सहकारी समिति में यूरिया बुक कराने के बावजूद किसान बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी नटेरन को खाद नहीं मिली और उन्हें सोसायटी से लेकर तहसील जनसुनवाई और डी.डी.ए. कार्यालय के साथ ही 181 सी एम हेल्पलाइन तक भटकना पड़ा. हैरानी की बात यह है कि जैसे ही मामला जिला स्तर की जनसुनवाई में पहुंचा.तुरंत समाधान की प्रक्रिया शुरू हो गई, जिससे निचले स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.सवाल यह उठता है कि यदि समस्या जिला जनसुनवाई में पहुंचे बिना ही सुलझाई जा सकती थी, तो फिर किसान को चार महीने तक क्यों परेशान किया गया. क्या निचले स्तर के अधिकारी जानबूझकर समस्याओं को लंबित रखकर जिला जनसुनवाई में भीड़ बढ़ाने का काम कर रहे हैं, ताकि अपनी जिम्मेदारी से बचा जा सके. ई-विकास प्रणाली में बुकिंग, टोकन और रिकॉर्ड मौजूद होने के बावजूद नटेरन सोसायटी और संबंधित विभागों ने समय रहते वितरण नहीं कराया.

**आयोजन** | जगद्गुरु बोले—हिंदू संगठित रहेगा तभी हिंदुस्तान सुरक्षित रहेगा

## विराट हिंदू सम्मेलन में समरसता, संगठन और संस्कार का संदेश



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नगर मंगलवार को सनातन चेतना** और सामाजिक समरसता के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया. नगर में आयोजित हुए विराट हिंदू सम्मेलन के अवसर पर निकली शोभायात्रा, समरसता भोज और जगद्गुरु के संदेश ने पूरे शहर को एक सूत्र में बांध दिया.जगतगुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज यदि जाति, पंथ और क्षेत्रवाद में बंटा रहेगा तो न समाज सुरक्षित रहेगा और न ही राष्ट्र हिंदुत्व नारे नहीं, बल्कि आचरण, चरित्र और सेवा से प्रकट होता है.उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति भेदभाव नहीं सिखाती, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाने की प्रेरणा देती है.भगवान श्रीराम द्वारा शबरी के बेर स्वीकार करना और निषादराज को अपनाना इसी परंपरा का प्रतीक है.जगतगुरु जी ने कहा कि 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने चेताया था कि जातियों और मतों में बंटा समाज कमजोर हो जाता है. समाज की शक्ति संगठन, समरसता और संस्कारों में है.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने कहा कि आज के हिंदू समाज को अपने पूर्वजों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे वंश तक का बलिदान दे दिया. उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन है.500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि जब हिंदू समाज संगठित होता है, तो असंभव भी संभव हो जाता है.कथावाचक कृष्णप्रिया ने कहा कि केवल तिलक लगाने, वस्त्र पहन लेने या मंचों से भाषण देने से कोई हिंदू नहीं बन जाता. नगर की 11 बस्तियों से शोभायात्राएं और कलश यात्राएं निकाली गईं. सभी यात्राओं का संगम जय स्तंभ पर हुआ, जहां से विशाल शोभायात्रा के रूप में कार्यक्रम स्थल तक जुलूस पहुंच,जगतगुरु संत समाज के साथ पैदल शोभायात्रा में शामिल हुए.करीब 2 किलोमीटर लंबी इस यात्रा को श्रद्धालुओं की भीड़, स्वागत और आरती के कारण लगभग 5 घंटे लगे.इस अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेश तिवारी, प्रेम नारायण विश्वकर्मा के अलावा जिला प्रचारक राकेश परमार ने शाल श्रीफल से जगदगुरु सहित अन्य संतों का सम्मान किया. नगर की विभिन्न समाजों सामाजिक संगठनों धार्मिक संगठनों में भी जगतगुरु सहित अन्य संतों का सम्मान किया. कार्यक्रम का संचालन सनी भावसार ने किया जबकि आभार मयंक टांक ने माना. नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, सुभाष निकेतन विद्यालय, श्रीमती रतन वाई जैन विद्यालय एवं माय स्कूल के विद्यार्थियों सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों की 40 से अधिक झांकियां ने देश की संस्कृति सभ्यता और हिंदू एकता का प्रदर्शन किया.


